आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 20.08.2025 समय : 02.10PM

लोकसभा ऑनलाइन गेमिंग

इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक-2025 पेश किया। इसका उद्देश्य ई-खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना तथा पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। इसके अंतर्गत समन्वित नीतिगत सहयोग, रणनीतिक विकास और विनियमन के लिए ऑनलाइन गेमिंग ऑथरिटी की नियुक्ति का प्रावधान है। इसका उद्देश्य इन खेलों से जुडे प्रभावों से विशेषकर युवाओं और वंचित लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। यह विधेयक देश की सुरक्षा और सम्प्रभुता तथा वित्तीय प्रणाली की अखंडता की सुरक्षा करेगा। यह जनहित में एकसमान और राष्ट्रीय स्तरीय विधि ढांचा स्थापित करेगा।

इस विधेयक में पैसा लेकर ऑनलाइन खेलों की पेशकश करने, संचालन करने या प्रोत्साहन करने पर पूर्ण प्रतिबंध का प्रावधान है। ऑनलाइन गेम से जुडे कानून के उल्लंघन पर तीन साल तक की कैद और एक करोड रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

राधाकृष्णन- नामांकन

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन में आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्दीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू तथा लोक जनशक्ति पाटी रामविलास के चिराग पासवान, सहित एनडीए गठबंधन के नेता उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा।

मुख्यमंत्री माखनलाल विवि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 'अभ्युदय-2025' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी

की प्रतिमा का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी ने हिन्दी को पुनः प्रतिष्ठित करने की विशाल यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास और विश्वविविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारिता हर युग और काल में रही है।

सम्पूर्णता अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेशन सेंटर में राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों के कलेक्टरों को सम्मानित किया गया।

रक्षा मंत्रालय-रण संवाद

रक्षा मंत्रालय, प्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर, महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में अपनी तरह का पहला त्रि-सेवा सम्मेलन रण संवाद-युद्ध, युद्धकला और युद्धकला पर बातचीत का आयोजन कर रहा है। 26 से 27 अगस्त तक होने वाले इस सेमिनार में युद्ध पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर प्रकाश डाला जाएगा ।

मौसम

प्रदेश के लगभग हर हिस्से में आज मानसून सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज जबलपुर और रतलाम समेत कुल 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर जैसे बड़े शहरों में भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक पश्चिमी मध्य प्रदेश के कई जिलों में अति भारी बारिश की स्थिति बन सकती है। पिछले 24 घंटों से लगातार हो रही बारिश ने कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। बैतूल जिले के भीमपुर में सबसे अधिक 175 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं छिंदवाड़ा के सौसर में 132.5 मिमी पानी गिरा। इंदौर में कल लगातार नौ घंटे तक बारिश होती रही। इस दौरान शहर में ढाई इंच से अधिक पानी गिरा। वहीं भोपाल में शाम को करीब डेढ़ इंच पानी बरसा है। रायसेन और नर्मदापुरम में आधा इंच वर्षा दर्ज की गई।

समाचार संक्षेप में :-

- शहडोल जिले में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और अकादमिक भवन में लगे सोलर पैनल से सालाना 15 लाख रुपए की बचत हो रही है। प्रबंधन हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए का बिजली बिल बचा रहा है। साथ ही ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रहा है।
- गुना जिले में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बीनागंज के बीएमओ डॉ राजेश कुमार पुष्पक ने कहा जन सहयोग एवं जागरूकता से ही मच्छर जन्य बीमारियों से बचा जा सकता है.
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ने के लिए आगरमालवा जिले के 126 गांवों में अब तक शिविर आयोजित कर लिये गये है। शेष गांवों में शिविर लगाने का कार्य जारी है।